>

Title: Need to revamp the power system in Faizabad Parliamentary constituency, Uttar Pradesh under Accelerated Power Development Reforms Programme.

डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद): मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के विद्युत मंत्रालय का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र फैजाबाद, (उत्तर प्रदेश) की निम्न समस्या की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।

जनपद फैजाबाद की 2 प्रमुख नगरपालिका जुड़वा शहर अयोध्या-फैजाबाद में विद्युत वितरण की व्यवस्था पुराने जर्जर विद्युत तारों आदि के कारण आये दिन बाधित होती रहती है। अयोध्या शहर एक प्रमुख तीर्थ स्थली व फैजाबाद शहर, जनपद व मंडल का मुख्यालय है। इसी तरह से रूदौली नगरपालिका शहरी क्षेत्र प्रमुख अल्पसंख्यक बाहुल्य नगर है।

कृपया केन्द्र सरकार विद्युत मंत्रालय की योजना ए.पी.डी.आर.पी. जो विद्युत वितरण के क्षेत्र के पुनर्गठन की योजना है, जिसके अंतर्गत पुराने विद्युत तारों को बदलना, मुख्य लाईन को भूमिगत केबल में परिवर्तित करना, नये ट्रंसफार्मर लगाना आदि कार्य होने हैं, में इन शहरों को लेने का कष्ट करें। स्थानीय विद्युत द्वारा संभवतः इस योजना के प्रोजेक्ट को प्रस्तावित भी किया गया है।

इसी तरह से मेरे लोक सभा क्षेत्र के जनपद बाराबंक (उत्तर प्रदेश) के दो नगरों टाउनएरिया दरियाबाद और टिकैतनगर का भी प्रोजेक्ट बनवाने व योजना को स्वीकृत किया जाये।